पत्र संख्या-स्था-5(ख) -पदोन्नति -वरि0प्रशा0अधि0/प्रशा0अधि0-2012// 3396 // वाणिज्यकर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्यकर उत्तर प्रदेश

(स्थापना अनुभाग)

//लखनऊ//दिनांक // अक्टूबर, 10 2013

::आदेश::

शासनादेश संख्या-क0नि0-4-1315/11-2012-30(5)/2011 दिनांक 12-12-2012 में दिए गए प्राविधानों के अन्तर्गत विभागीय चयन समिति की संस्तुति के अनुसार वाणिज्यकर विभाग में कार्यरत निम्नलिखित प्रधान सहायक (वेतन बैण्ड-2-9300-34800 सादृश्य ग्रेड वेतन 4200) को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर ही प्रशासनिक अधिकारी (वेतन बैण्ड-2-9300-34800 सादृश्य ग्रेड वेतन 4600) के पद पर चयन वर्ष 2013-14 के लिए पदोन्नति प्रदान की जाती है :-

क्रम सं0	ज्ये0 सूची क्रमांक	कर्मचारी का नाम / पिता का नाम	वर्तमान तैनाती स्थान
1	2	3	4
1	387	श्री ए0 के0 महेश्वरी/ श्री चमनलाल	सहारनपुर
2	394	श्री मुन्नालाल/श्री गोविन्द दास	कानपुर

2- सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी को निर्देश दिये जाते हैं कि उपर्युक्त कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश तामील कराते हुये उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर ही प्रशासनिक अधिकारी के पद पर दिनांक 17-10-2013 तक कार्यभार ग्रहण करायें तथा यदि वह किन्ही कारणों से पदोन्नति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के इच्छुक न हों, तो उनसे उक्त आशय का अनुरोध पत्र प्राप्त कर दिनांक 17-10-2013 तक अधोहस्ताक्षरी को प्रत्येक दशा में अवगत करायें।

3- सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी कृपया यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उपर्युक्त पदोन्नत कार्मिकों में से किसी कार्मिक के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के अन्तर्गत आरोप पत्र निर्गत हो या सतर्कता जॉच चल रही हो तो ऐसे कार्मिकों पर यह पदोन्नति आदेश प्रभावी न मानते हुये उन्हें कार्यभार ग्रहण न करायें और अधोहस्ताक्षरी को तत्काल सूचित करें।

वर्तमान में यदि कोई कर्मचारी स्तम्भ-4 में अंकित स्थान से स्थानान्तरित हो गया हो तो उसकी वर्तमान तैनाती का पद एवं स्थान तदनुसार संशोधित मानकर सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी अपने स्तर से सम्बन्धित कर्मचारी को इस पदोन्नति आदेश की एक प्रति तामील कराते हुये कार्यभार ग्रहण करायेंगे और संशोधन के सम्बन्ध में आवश्यक प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

(डा0 राम मनोहर मिश्र)
एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन)वाणिज्यकर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक // उक्त ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- कमिश्नर वाणिज्यकर, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2- जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्यकर, सहारनपुर/ कानपुर ।
3- ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक)वाणिज्यकर, सहारनपुर/ कानपुर ।
4- ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0),वाणिज्यकर,मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु
5- आहरण वितरण अधिकारी, वाणिज्यकर सहारनपुर/ कानपुर । ।
6- कोषाधिकारी सहारनपुर/ कानपुर ।
7- चरित्र पंजिका सेल, वाणिज्यकर स्थापना अराजपत्रित अनुभाग लखनऊ।
8- पटल प्रभारी स्था-4ख, 4ग, 5(ख)ज्येष्ठता पटल, स्था -6 सामान्य वाणिज्यकर मुख्यालय।
9- सम्बन्धित कर्मचारियों को (नाम से) ।

(डी0सी0 गुप्ता)
डिप्टी कमिश्नर(स्थापना अराजपत्रित)वाणिज्यकर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ